### बरसात में शहर को जलभराव से बचाने को नगर निगम ने कसी कमर

# नालों के सफाई अभियान की हकीकत जांचने सड़क पर उतरीं मेयर व आयुक्त, मिला कब्जा तो तत्काल हटवाया

**मानसून से पहले छोटे-बड़े सभी नालों की सफाई हर हाल में पूरी करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। नालों की सफाई का निरीक्षण करतीं मेयर सुमन बहमनी व आयुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

आगामी मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए नगर निगम प्रशासन ने नालों की सफाई के अभियान को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने जगाधरी और यमुनानगर के विभिन्न बड़े नालों का निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों पर हुए अवैध कब्जों को हटवाकर तत्काल सफाई कराई गई तथा संबंधित एजेंसी और अधिकारियों को जहां भी अतिक्रमण व अवैध कब्जे हैं, उन्हें हटवाकर तुरंत नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए।

बुधवार सुबह मेयर सुमन बहमनी और निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद सबसे पहले जगाधरी के प्रकाश चौक के पास नाले पर पहुंचे। उनके साथ कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार, सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, पार्षद अरुण पप्पू, पार्षद जयंत स्वामी, पार्षद अंकित गोयल, कनिष्ठ अभियंता गगन संधू और विशाल राणा भी मौजूद रहे।

उन्होंने प्रकाश चौक से गौरी शंकर मंदिर की ओर जाने वाले बड़े और छोटे नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर सुमन बहमनी ने स्वयं नालों की गहराई तक सफाई की स्थिति जांची। इसके बाद टीम ने गौरी शंकर मंदिर के पास, संत थॉमस स्कूल के निकट, अशोक विहार क्षेत्र के नाले, सेक्टर-17 से निकलने वाले बड़े नाले, स्वामी विवेकानंद स्कूल के समीप तथा जिमखाना क्लब के पास स्थित बड़े नाले का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जहां-जहां सफाई कार्य अधूरा मिला, वहां मौके पर ही कर्मचारियों को लगाकर सफाई करवाई गई। अशोक विहार के पास नाले पर अवैध कब्जा पाया गया, जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही थी।

अधिकारियों ने जेसीबी की सहायता से कब्जा हटवाकर नाले को साफ कराया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से भी बातचीत की गई और उनकी समस्याएं सुनकर कई स्थानों पर पानी की निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।

## सफाई में जुटी एजेंसी को दिए सख्त निर्देश

नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी और आयुक्त महाबीर प्रसाद ने नालों की सफाई कर रही एजेंसी के पदाधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक नाले की तली तक जमी गाद को पूरी तरह बाहर निकाला जाए और उसका तुरंत उठान सुनिश्चित किया जाए ताकि वह दोबारा नाले में न बहे। उन्होंने कहा कि जहां भी धंसे हुए स्लैब मिलें या अतिक्रमण दिखाई दे, उन्हें तुरंत हटवाया जाए। मानसून से पहले शहर के शत-प्रतिशत छोटे-बड़े नालों की सफाई हर हाल में पूरी होनी चाहिए, जिससे कि बरसात में जलभराव न हो।

# 70.96 लाख से चकाचक होगी रायपुर में सड़क सरपट दौड़ेगी विकास की गाड़ी : सुमन बहमनी

**मेयर ने उज्ज्वल फैक्ट्री से शाकुंभरी करियाना स्टोर तक सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। रायपुर में बनने वाली सड़क का शिलान्यास करतीं मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 12 के गांव रायपुर में विकास कार्यों को गति देते हुए 70 लाख 96 हजार रुपये की लागत से कराया जा रहा है। बुधवार को मेयर सुमन बहमनी ने भाजपा नेता नेपाल राणा, वार्ड पार्षद तिलक राज तथा अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण विकास कार्य का शिलान्यास किया और नारियल फोड़कर सड़क निर्माण का शुभारंभ किया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। रायपुर में बनने वाली यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग थी। सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र की प्रगति का आधार होता है और निगम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मेयर ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा ताकि लोगों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।

## केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से लगातार हो रहा विकास : राणा

भाजपा नेता नेपाल राणा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़कों, नालियों, पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रायपुर में बनने वाली यह सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी सौगात साबित होगी। वार्ड पार्षद तिलक राज ने मेयर और नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों, व्यापारियों तथा वाहन चालकों को सीधा लाभ मिलेगा। बरसात के दिनों में भी लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनेगी।

# मानसून शुरू होने से पहले करें बाढ़ रोकथाम के कार्यों को पूर्णः डॉ. सिंह

**एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गांव खान्नुवाला में बाढ़ संभावित इलाके का दौरा करते उपमंडल अधिकारी(ना) व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जिला के व्यासपुर क्षेत्र के बाढ़ संभावित इलाकों में बाढ़ सुरक्षा को लेकर चल रहे कार्यों का उपमंडल अधिकारी (नागरिक) डॉ. कुलदीप सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ संभावित इलाकों में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे बाढ़ सुरक्षा, डिवॉटरिंग एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम पहले व्यासपुर के बाढ़ संभावित गांव खन्नूवाला में पहुंचे और वहां चल रहे बाढ़ रोकथाम के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गांव खन्नूवाला व चिंतपुर में लंबित स्टोन स्टड कार्यों की प्रगति असंतोषजनक पाई। जिस पर संबंधित विभागों को मानसून से पूर्व कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने मलिकपुर बांगर में डिवॉटरिंग हेतु प्रस्तावित पंप हाउस का निरीक्षण किया, जहां कार्यों में सुधार करने के निर्देश दिए गए। ताकि आगामी मानसून के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

## खनन करने वालों के खिलाफ उठाए कठोर कदम

इसके बाद एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने गांव गांव जैतपुर का दौरा किया। उन्होंने जैतपुर में ताजा अवैध खनन गतिविधि पाए जाने पर कड़ा संज्ञान लिया। मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के एसडीओ द्वारा उपमंडल अधिकारी को अवगत करवाया गया कि जिस स्थान पर खनन किया जा रहा है वह वन विभाग की भूमि है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अवैध खनन के कारण बिजली के खंभों को नुकसान पहुंच रहा है। उपमंडल अधिकारी(ना) व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने संबंधित विभागों को अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि बाढ़ सुरक्षा एवं राहत कार्यों में तेजी लाएं। ताकि मानसून सीजन से पहले आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने संबंधित विभागों को विकास कार्यों की शीघ्र कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।



## पोलियो से मुक्ति के लिए विशेष अभियान जरूरी

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर जिला टास्क फोर्स टीकाकरण समिति की बैठक लघु सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अधिकारियों को सभी पीएचसी व सीएचसी पर टीमों के द्वारा वैक्सीन लगाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोलियो से हम सभी अच्छी तरह से परिचित है और यह कोई नई बीमारी नहीं है। इसलिए संबंधित विभागों की जिम्मेदारी बनती है कि वे संयुक्त अभियान चलाकर लोगों को पोलियो के बारे में जागरूक करें। जिस विभाग को जो जिम्मेदारी दी जाती है उसे पूरी निष्ठा से करें और अपने कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा छूट गया, सुरक्षा चक्र टूट गया। इस थीम पर कार्य करते हुए कार्य करें और इस कार्य में प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं वृक्ष

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सरस्वती विद्या मंदिर में चलाया पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



जिला विधिक सेवा प्राधिकर यमुनानगर द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में चल रहे एनसीसी के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. दयानंद भारद्वाज ने भाग लिया। उन्होंने पौधारोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दानिश गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इंदुबाला व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान भी मौजूद रहे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. दयानंद भारद्वाज ने एनसीसी कैडेट्स व शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करते हैं। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता वीपीएस सिद्धू ने सभी एनसीसी कैडेट्स को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से पोक्सो कानून, बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य व नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों पर विस्तार से जानकारी दी।

### उत्थान संस्थान ने विशेष बच्चों के लिए लगाया प्रेरणा शिविर

# परिवार बच्चों के विकास की पहली व सबसे महत्वपूर्ण संस्था

**मुख्य वक्ता बोले अभिभावकों की सकारात्मक भूमिका बच्चों को दे सकती है नई दिशा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। उत्थान संस्थान द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए आयोजित प्रेरणा शिविर को संबोधित करते मुख्य वक्ता डॉ. पीके बाजपेयी। फोटो : हरिभूमि

उत्थान इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड स्टडीज संस्थान द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के परिवारों एवं अभिभावकों को सशक्त, जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रेरणा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उत्थान कोशिश यूनिट यमुनानगर के केंद्रीय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के पूर्व प्रिंसीपल डॉ. पीके बाजपेयी ने भाग लिया।

डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक विशेष बच्चा अपने भीतर अद्भुत संभावनाएं लेकर जन्म लेता है। आवश्यकता केवल सही दिशा, धैर्य और निरंतर सहयोग की होती है। उन्होंने कहा कि परिवार बच्चों के विकास की पहली और सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। अभिभावकों की सकारात्मक भूमिका बच्चों के भविष्य को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने अभिभावकों को झाड़ फूंक व अनावश्यक दवाइयों से बचने की सलाह दी।

## विशेष बच्चों के लिए भावनात्मक सहयोग जरूरी

डॉ. पीके बाजपेयी ने कहा कि बौद्धिक दिव्यान्गता कोई रोग नहीं है वरन एक विशेष स्थिति है। जिसे उचित देखभाल, प्रशिक्षण व थेरेपी द्वारा जीता जा सकता है। मौके पर संस्थान की निदेशक डॉ. अंजु बाजपेयी ने कहा कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उदेश्य अभिभावकों को विशेष बच्चों की शिक्षा, पुनर्वास, व्यवहार प्रबंधन, भावनात्मक विकास तथा सरकारी सुविधाओं एवं अधिकारों के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों के विकास के लिए केवल चिकित्सा या शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि परिवार का भावनात्मक सहयोग, सामाजिक स्वीकृति और समुदाय का समर्थन भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की क्षमताओं पर विश्वास रखते हुए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों की विशेष संभावनाओं को पहचान करने व उस पर काम करने पर बल दिया। वहीं, विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज दिल्ली से विषय विशेषज्ञ अनुकृति बाजपेयी ने शिविर में व्यवहार प्रबंधन, प्रभावी संवाद, शैक्षिक योजना निर्माण, आत्मनिर्भरता विकास तथा अभिभावकों की भावनात्मक सुदृढ़ता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। प्रेरणा शिविर में अभिभावकों ने सकारात्मक पालन पोषण, व्यवहार प्रबंधन, शिक्षा एवं पुनर्वास, सरकारी योजनाएं और अधिकार, आत्मविश्वास और भावनात्मक सुदृढ़ता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के मेंटर डॉ. पीके बाजपेयी तथा निदेशक डॉ. अंजु बाजपेयी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में रविंद्र मिश्र, स्वाती राणा व हनी तोमर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### बीएलओ सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

**यमुनानगर।** जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में सरोजनी कॉलोनी में यमुनानगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत बीएलओ सुपरवाइजरों व बीएलओज के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में यमुनानगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत सभी 25 बीएलओ सुपरवाईजरों तथा 242 बीएलओज ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ एडीसी नवीन आहूजा ने किया। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने सभी बीएलओज को निर्देश दिए कि वह 15 जून से 14 जुलाई तक घर घर जाकर शत प्रतिशत सत्यापन करें। यदि घर घर अभियान के दौरान उन्हें कोई घर बन्द मिलता है अथवा किसी घर में सभी मतदाता अनुपस्थित पाए जाते हैं। तब ऐसे घरों का कम से कम तीन बार दौरा करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी बीएलओ तथा सुपरवाईजर यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। मौके पर बीएलओ ऐप मास्टर ट्रेनरों द्वारा बीएलओ ऐप के माडयूलों बारे भी विस्तारपूर्वक ट्रेनिंग प्रदान की गई।




### बड़े हादसे का कारण बन सकती है खंडहर इमारत

**रादौर।** शहर के कमेटी चौक पर स्थित खस्ताहाल इमारत गिरने की कगार पर पहुंच गई है। जिससे शहर के कमेटी चौक पर कभी भी खस्ताहाल इमारत ढहकर बड़े हादसे का कारण बन सकती है। मामले को लेकर नगरपालिका की ओर से खस्ताहाल इमारत के मालिकों को नोटिस देकर खानापूर्ति की गई है। लेकिन आज तक नोटिस मिलने बावजूद न तो इमारत के मालिकों ने खस्ताहाल इमारत को गिराने का काम किया और न ही नगरपालिका की ओर से सुरक्षा की दृष्टि को लेकर इमारत गिराने का काम किया गया। जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो गया। गौरतलब है कि इलाके की बुबका गली में कुछ महीने पहले एक पुरानी इमारत गिरने से 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके बाद नगरपालिका ने शहर में स्थित 5-6 पुरानी इमारतों के मालिकों को नोटिस देकर इमारतें गिराने के आदेश दिए थे। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों ने अपनी पुरानी खंडहर हो चुकी इमारतों को गिरा दिया है। लेकिन अभी भी बहुत से लोग नोटिस मिलने के बावजूद अपने खंडहर हो चुके भवनों को नहीं गिरा रहे हैं। ऐसे भवन कभी भी सार्वजनिक स्थानों पर गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। शहर के कमेटी चौक पर भीड़भाड़ वाला एरिया है, जहां तीन मंजिला खंडहर भवन गिरकर जानी नुकसान पहुंचा सकता है। शहर के लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जनहित में खंडहर हो चुके भवनों को सरकार जल्द से जल्द गिरवाने का काम करे।

### नटराजन का नामांकन रद्द करना लोकतंत्र की हत्या



प्रवीन कश्यप

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सैल के पूर्व प्रदेश संयोजक एवं पानीपत जिला प्रभारी प्रवीन कश्यप दयालपुर ने मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह कदम लोकतंत्र और संविधान की भावना के खिलाफ है तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करने वाला है। प्रवीन कश्यप ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर राजनीतिक लाभ लेने वाली भाजपा की कथनी और करनी में स्पष्ट अंतर दिखाई दे रहा है। यदि भाजपा वास्तव में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तो उसे महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कमजोर करने के बजाय निष्पक्ष और पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कश्यप ने कहा कि देश की जनता सब कुछ देख रही है।

## खबर संक्षेप



### भगवान विष्णु महापुराण कथा का शुभारंभ

**थानेसर।** सेक्टर- 3 के शिव मंदिर में 5 दिवसीय श्रीविष्णु महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कथा व्यास रमेश पाराशर ने कहा कि विष्णु महापुराण कथा सुनने से व्यक्ति का जीवन बदल जाता है। शोभायात्रा में सौ कदम पैदल चलने से जन्मांतर के पापों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि विष्णु महापुराण कथा का श्रवण करने से व्यक्ति में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। रमेश पाराशर ने कहा कि विष्णु महापुराण कथा व्यक्ति की आत्मा का परमात्मा से साक्षात्कार करवाती है।

### जिला कारागार में रक्तदान शिविर एवं समारोह 14 को

**कुरुक्षेत्र।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून 2026 को जिला कारागार कुरुक्षेत्र में विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे आरंभ होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने तथा मानव सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रक्तदाताओं और समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा।

### आमजन के लिए हेल्प डेस्क किए स्थापित

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की मुख्य सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशन में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इसी कड़ी में आज पैरा लीगल वालंटियर अंशप्रीत कौर द्वारा डाकघर, कुरुक्षेत्र में हेल्प डेस्क लगाकर उपस्थित लोगों को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों तथा उनके कल्याण से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।

### साईं बाबा मूर्ति स्थापना का वार्षिक महोत्सव मनाया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मदिर पिपली के पीठाधीश और मां दुर्गा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य व वास्तु महर्षि डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि साईं बाबा की मूर्ति स्थापना 9 जून 2011 को हुई थी। इसलिए साईं बाबा की मूर्ति स्थापना का 15 वॉ वार्षिक महोत्सव 9 जून 2025 को भक्ति भावना से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सोमवार को प्रातः 10 बजे यज्ञ ,आरती और भक्तों में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के प्रांगण में आयोजित हुआ। फिर सायंकाल 4 बजे से आयोजित साईं संध्या में कुरुक्षेत्र के सुप्रसिद्ध गायक लखबीर सिंह लक्खा और ग्रुप ने साईं बाबा की भेंटे तू मेरी जिन्दगी साईं बाबा, मेरे घर के सामने साईं तेरा मंदिर बन जाए, आदि गाई।

## लंबे समय से समस्या बरकरार, बार-बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

# गुरुद्वारा रोड पर सीवरेज-नाले जाम दुकानदार हुए बेहाल, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

नगर के गुरुद्वारा रोड स्थित नवदीप मार्केट के सामने नाले व सीवरेज लाइन में अवरोध अथवा पानी की लीकेज के कारण गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है। इससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर प्रशासन मानसून से पहले विशेष अभियान चलाकर सीवरेज और नालों की सफाई के बड़े-बड़े दावे कर रहा है, ताकि बरसात के दौरान सड़कों और गलियों में पानी जमा न हो। वहीं दूसरी ओर गुरुद्वारा रोड स्थित नवदीप मार्केट के सामने लंबे समय से बनी यह समस्या प्रशासनिक दावों की पोल खोल रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। मार्केट के नालों में गंदगी जमा होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। मुख्य गुरुद्वारा रोड पर जमा गंदे पानी के कारण पैदल राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, दोपहिया वाहनों के गुजरने के दौरान गंदे पानी के छींटे राहगीरों और दुकानदारों पर पड़ते हैं। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि सड़क पर जमा गंदे पानी से न केवल लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, बल्कि उनकी दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। यदि नाले, सीवरेज या किसी प्रकार की लीकेज के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है तो उसका शीघ्र निवारण कराया जाए।



**पिहोवा।** गुरुद्वारा रोड पर जमा पानी, गंदगी से सटे नाले।

### क्या कहते हैं नगर पालिका चेयरमैन

इस संबंध में नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने बताया कि विभाग की टीम कई बार मौके का निरीक्षण कर चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का सटीक कारण सामने नहीं आ पाया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज लाइन ब्लॉक नहीं है तथा नालों की सफाई करवाई जाएगी। संभवतः कहीं पानी की लीकेज होने की आशंका है। इसके लिए जल्द ही उचित योजना बनाकर समस्या का स्थायी समाधान कराया जाएगा।

# ऑपरेशन मैदान-2 का बड़ा वार: 20 ग्राम हेरोइन के साथ दो महिला काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन मैदान-2 के तहत पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के निर्देशन में थाना सदर थानेसर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान ममता और कविता, निवासी गांधी नगर, कुरुक्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 10-10 ग्राम हेरोइन, कुल 20 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 जून को सेक्टर-4 पुलिस चौकी के सहायक उप निरीक्षक परमजीत सिंह, मुख्य सिपाही रणदीप कुमार, महिला मुख्य सिपाही रीटा, वीना तथा एसपीओ राजीव की टीम पीपली पुल के नीचे गश्त और निगरानी ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांधी नगर निवासी ममता और कविता करनाल से सस्ते दामों पर हेरोइन लाकर कुरुक्षेत्र क्षेत्र में ऊंचे दामों पर बेचने का अवैध कारोबार करती हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।



## श्रीकृष्ण आयुष विवि और इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स के बीच एमओयू

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय और कानपुर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स के बीच आयुष क्षेत्र में शोध, डेटा एनालिटिक्स और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से जॉइंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना करेंगे। इसके माध्यम से आयुर्वेद, सार्वजनिक स्वास्थ्य, समेकित चिकित्सा, बॉयोस्टैटिसटिक्स, हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। समझौते के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, फैकल्टी डेवलपमेंट, वैज्ञानिक संसाधनों का आदान-प्रदान, संयुक्त प्रकाशन, शोध प्रस्ताव तैयार करना तथा स्वास्थ्य डेटा के विश्लेषण में मशीन लर्निंग और एआई आधारित तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही दोनों संस्थान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध सहयोग और वित्तपोषण के अवसरों को भी बढ़ावा देंगे। एमओयू पर आईएएस की ओर से डॉ. जी. एस. तोमर (निदेशक, आयुष रिसर्च) तथा श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत ने हस्ताक्षर किए।

### बीबीपुर गांव में लोगों की समस्याएं जानीं

**थानेसर।** आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने गांव-गांव में जन सम्पर्क अभियान के तहत मुर्तजापुर व बीबीपुर गांव में किसानों-मजदूरों, छात्र-नौजवानों व महिलाओं की जनजीवन से जुड़ी समस्याओं को लेकर उनसे मिले। यह जानकारी आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने जारी बयान में दी। इस दौरान उनके साथ जिला कमेटी सदस्य संजू व सलिंदर कुमार भी साथ थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार महंगाई का सारा बोझ आम जनता पर डाल कर उनका कचूमर निकालने पर लगी हुई है। अभी दो दिन पहले केंद्र सरकार ने रसोई गैस के दाम 29 रु सिलेंडरों पर बढ़ा दिये यानी तीन महीने में गैस पर 89 रु बढ़ चुके हैं। उससे पहले पैट्रोल-डीजल के दाम सरकार कई बार बढ़ा चुकी है।

## ज्येष्ठ अधिक मास में 15 जून को सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग

**कुरुक्षेत्र।** सोमवती अमावस्या और अधिक मास का यह पावन संयोग श्रद्धालुओं के लिए पूजा, दान, तर्पण और आध्यात्मिक साधना का विशेष अवसर माना जाता है। श्रद्धा और विधि-विधान से किए गए धार्मिक कार्य जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाने वाले माने गए हैं। 15 जून 2026 को सोमवती अमावस्या और ज्येष्ठ अधिक मास का दुर्लभ संयोग बन रहा है। यह अवसर पितृ तर्पण, स्नान, दान और भगवान विष्णु-शिव की पूजा के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र ब्रह्म सरोवर के संचालक रामराज कौशिक ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अधिक मास भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है, जबकि अमावस्या तिथि पितरों की शांति, तर्पण और दान-पुण्य के लिए विशेष महत्व रखती है। इसलिए सोमवती अमावस्या और अधिक मास का एक साथ पड़ना अत्यंत शुभ माना गया है। ज्येष्ठ अधिक मास की अमावस्या 14 जून को दोपहर 12:19 बजे शुरू होगी और 15 जून को सुबह 8:23 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर सोमवती अमावस्या 15 जून को मनाई जाएगी। चूंकि इस बार अमावस्या सोमवार के दिन पड़ रही है, इसलिए इसका धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, भगवान शिव और विष्णु की पूजा, पीपल वृक्ष की परिक्रमा, तर्पण और दान करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है।



# सीएम सैनी ने सेक्टर-2 में सामुदायिक केंद्र के निर्माण की दी मंजूरी : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के शहरी क्षेत्र सेक्टर-2 में बाजार के पीछे सामुदायिक केंद्र के निर्माण की मंजूरी दी है। इस सामुदायिक केंद्र के निर्माण से सेक्टर 2 में रहने वाले नागरिकों को काफी सुविधा होगी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सेक्टर 2 में बाजार के पीछे खाली जमीन सामुदायिक केंद्र के लिए चिन्हित करवाया है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सामुदायिक केंद्र की मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि उनकी जानकारी में कुरुक्षेत्र के अर्बन एस्टेट स्थित सेक्टर-2 के निवासियों को अपने इलाके में सामुदायिक केंद्र न होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में न्यू रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर-2, अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र ने स्थानीय निवासियों के लाभ के लिए एक सामुदायिक केंद्र के निर्माण का अनुरोध करते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। सेक्टर-2 एक घनी आबादी वाला आवासीय क्षेत्र है, जिसमें बड़ी संख्या में परिवार, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और युवा रहते हैं। वर्तमान में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और कल्याणकारी गतिविधियों के आयोजन के लिए कोई समर्पित सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-2 मार्केट के पीछे स्थित जमीन फिलहाल खाली पड़ी है और सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए उपयुक्त प्रतीत होती है।



## भाजपा युवा मोर्चा जिला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साहिल सुधा ने ज्योतिसर मंडल की बैठक में लिया भाग



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साहिल सुधा ने ज्योतिसर मंडल की मासिक बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा विभिन्न जनहित एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर साहिल सुधा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी विभिन्न जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब कल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कार्यकतार्ओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

# सीएम युवाओं को योग्यता के आधार पर दे रहे सरकारी नौकरी : सुमन सैनी

- हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा विधानसभा के नागरिकों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार प्रदेश से गरीबी को खत्म करने के लिए युवाओं को बिना खर्ची पर्ची योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दे रही है, जिस घर में रोजगार आएगा उस घर की गरीबी उसी दिन दूर हो जाएगी। पहले की सरकारों में केवल मंत्री और विधायकों के बच्चे व रिश्तेदार ही सरकारी नौकरी पर लगाते थे या नेताओं को खर्ची देने वाले का चयन होता था, लेकिन अब मुख्यमंत्री के बेटे को भी नौकरी के लिए योग्यता साबित करने पर ही सरकारी नौकरी मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। सुमन सैनी बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांवों में धन्यवादी दौरे के दौरान बोल रही थी। उन्होंने सीएम सैनी की ओर से गांव लाठी धनोरा, बडोंदी, बरोट, जैनपुर जटान, ब्राहण, डूडा, डूडी, सलेमपुर, सम्भालखा और गांव सूरा में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा की और इसके साथ गांवों की मांगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में लाकर पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने ग्रामीणों से लिखित में शिकायत व समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को उन्हें दूर करने के निर्देश भी दिए।

### कल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना का कुरुक्षेत्र में होगा स्वागत : तेजेंद्र सिंह

**कुरुक्षेत्र।** आयुष विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रथम आगमन पर 12 जून को भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं एवं गणमान्य नागरिकों, बूथ लेवल तक के कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी मंडल अध्यक्ष हर बूथ पर जाकर बूथ अध्यक्ष तक के कार्यकर्ता को निमंत्रण दे रहे हैं। जिला अध्यक्ष तजेंद्र सिंह गोल्डी ने सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, सभी मोर्चा के अध्यक्षों की सामूहिक बैठक कर सभी कार्यकतार्ओं की ड्यूटी लगाई। उन्होंने बताया कि ये भाजपा ही है, जिसमें एक छोटे से कार्यकर्ता को प्रदेश की इतनी बड़ी जिम्मेवारी मिल सकती है।



डा. अर्चना गुप्ता

# योग दिवस की तैयारी तेज: साधकों ने सीखा कॉमन योग प्रोटोकॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



आयुष विभाग हरियाणा, हरियाणा योग आयोग पंचकूला, जिला आयुष अधिकारी डॉ मंजू शर्मा तथा भारतीय योग संस्थान हरियाणा प्रांत इकाई के निदेर्शानुसार आज भारतीय योग संस्थान, अर्जुन योग जिला कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। सेक्टर 7 मार्केट के पास कोठी नंबर 1637 व 380 के सामने योग पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर, स्थानीय संरक्षक हरिराम जोशी, जिला प्रधान मनीराम सैनी, मंत्री भीमराज सैनी, संगठन मंत्री राजेश भट्ट, प्रचार मंत्री के एल मनचंदा, वरिष्ठ योग शिक्षक डॉ आर के पारिख, आयुष विभाग से आयुष योग सहायक रजत कंबोज तथा वीरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। सामूहिक प्रार्थना एवं गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात प्रोटोकॉल अभ्यास में सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, वज्रासन में, पेट के बल लेट कर, कमर के बल लेट कर योगासन संस्थान के प्रशिक्षित शिक्षकों नीरू, मोहिंदर गुप्ता, भीम राज सैनी व राजेश भट्ट तथा आयुष योग सहायक रजत कम्बोज व वीरेंद्र कुमार ने बड़े सुंदर ढंग से करवाए। गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इसी योग पार्क में 11 से 13 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 6:30 बजे तक प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया जाएगा। किसी भी संस्था का कोई भी साधक तथा आम जनता भी इस निशुल्क प्रशिक्षण सत्र में तीनों दिन भाग ले सकता है।

## भाविप, मैत्रेयी शाखा एवं जन सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में लगाया रक्तदान शिविर



**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद्, मैत्रेयी शाखा एवं जन सहयोग संस्था, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर भारत विकास परिषद्, मैत्रेयी शाखा की अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा ने भारत विकास परिषद् की जनहितकारी गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान एवं पुण्य कार्य है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं की सेवा भावना एवं समाज के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। शाखा सचिव डॉ. नीलम ढांडा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह निस्वार्थ योगदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों में निरंतर सहभागिता का आह्वान किया। शिविर में 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं में श्री सौरव, श्री कार्तिक, श्री हरदेव, श्री अनिल त्यागी, श्री राहुल, श्री सैमी सहित अनेक रक्तदाता शामिल रहे। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सुश्री मृदिका ने भी एक यूनिट रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

## धर्म-कर्म

### पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने द्रोणाचार्य स्टेडियम के सामने लगाई छबील

# भीषण गर्मी में सेवा : जलजीरा और शरबत से प्यास बुझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बढ़ती गर्मी और तेज धूप के बीच आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों द्वारा बुधवार को जलजीरे के पानी की सेवा का आयोजन किया गया। यह सेवा द्रोणाचार्य स्टेडियम के सामने आयोजित की गई, जहां राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को ठंडा जलजीरा वितरित किया गया। यह आयोजन कार्यकारी अभियंता अमित मैहला तथा सब डिवीजनल इंजीनियर कमल कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाना और सेवा भावना को बढ़ावा देना था।



**कुरुक्षेत्र।** छबील में सेवा करते विभागीय अधिकारी व कर्मचारी।

### लोगों ने विभाग के प्रयास को सराहा

सेवा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने जलजीरे का सेवन कर गर्मी से राहत महसूस की तथा विभाग के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया। इस अवसर पर जूनियर इंजीनियर विकास कबीर, जूनियर इंजीनियर साहब सिंह, विक्रम सिंह, हैप्पी, शुभम, सतबीर, सुबोध सहित अन्य कर्मचारियों ने भी सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दीं। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजन लोगों के बीच सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी जनहित के ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## राहगीरों की प्यास बुझाने को आगे आए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच नगर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ अनेक समाजसेवी लोगों द्वारा मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सुपर मार्किट स्थित साईस लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं ने ठंडे एवं मीठे शरबत की छबील लगाकर सेवा, मानवता और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने आने वाले राहगीरों, दुकानदारों तथा आमजन को प्रेमपूर्वक शरबत पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत पहुंचाई। छबील के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और विद्यार्थियों की इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर प्राध्यापक हरविंदर, अभिषेक, सागर, विनोद सैनी, सचिन, सोनू, मोहित, गौरव, दीक्षा, प्रियंका, नेहा, तनु, अमन, पूनम,सहित अनेक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



**पिहोवा।** ठंडे मीठे शरबत से राहगीरों की प्यास बुझाते साईस लाइब्रेरी के विद्यार्थी।

